**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 01.07.2026 समय : 0705

**<><><><><><><>**

1. विकसित भारत रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन–ग्रामीण अधिनियम आज से लागू हो रहा है।
2. राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस और वन महोत्सव के अवसर पर उप–राज्यपाल ने द्वीपवासियों को अपनी शुभकामनाएं दी है।
3. क्षेत्रीय समाचार एकांश श्री विजयपुरम आज अपनी 51वीं वर्षगांठ मना रहा है।
4. टाउन वेंडिंग कमेटी की ओर से नगरपालिका परिषद के अधिकार क्षेत्र में आने वाले स्ट्रीट वेंडर्स का सर्वेक्षण पहली अगस्त तक किया जाएगा।

<><><><><><><>

विकसित भारत रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन–ग्रामीण अधिनियम आज से लागू हो रहा है। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने कहा कि वीबी जी राम जी अधिनियम के तहत प्रत्येक वित्तीय वर्ष में 125 दिन के रोजगार की गारंटी होगी। इससे ग्रामीण भारत सशक्त बनेगा। वर्तमान वित्तीय वर्ष में इस योजना के कार्यान्वयन के लिए 95 हजार 692 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

<><><><><><><>

आज देश भर में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर द्वीपों के उप–राज्यपाल सेवानिवृत्त एडमिरल डी के जोशी ने द्वीपसमूह में कार्यरत सभी डॉक्टरों को अपनी शुभकामनाएं दी है। उन्होंने डॉक्टरों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि द्वीपसमूह में, डॉक्टर चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उप–राज्यपाल ने सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली से जुड़े सभी डॉक्टरों की सराहना की है। भारत रत्न से सम्मानित, प्रख्यात चिकित्सक और पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. बिधान चंद्र रॉय की जयंती और पुण्यतिथि की स्मृति में हर साल पहली जुलाई को पूरे देश में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाया जाता है।

<><><><><><><>

वन महोत्सव के अवसर पर उप–राज्यपाल सेवानिवृत्त एडमिरल डी के जोशी ने द्वीपवासियों को बधाई दी है। एक पेड़ माँ के नाम विषय के साथ मनाए जा रहे वन महोत्सव के अवसर पर, उन्होंने कहा कि

समृद्ध जंगलों, अद्वितीय जैव विविधता और पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील इकोसिस्टम से समृद्ध यह द्वीपसमूह एक अनमोल प्राकृतिक विरासत हैं। जंगल पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और आने वाली पीढ़ियों के लिए सतत विकास सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। उप–राज्यपाल ने अपने संदेश में सभी नागरिकों, विशेष रूप से युवाओं से वृक्षारोपण और संरक्षण की गतिविधियों में भाग लेने की अपील की है।

<><><><><><><>

टुसनाबाद रेंज के अंतर्गत फरारगंज वन चेक पोस्ट पर एक नियमित वाहन चेकिंग के दौरान कल शाम मायाबंदर से श्री विजयपुरम आ रहे हल्के मोटर वाहन से वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के प्रावधानों के तहत वाहन सहित सभी प्रतिबंधित सामग्री को जब्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। सभी कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहाँ से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। छोलदारी रविवार बाजार में भी औचक निरीक्षण कर एक व्यक्ति को जायंट ग्रूप मछली बेचने के आरोप में वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 तहत गिरफ्तार कर 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। विम्बर्लीगंज पुलिस आउट पोस्ट के कर्मचारियों ने वन्यजीव अपराध के मामले में शोलबे 10 नंबर के रहने वाले दो व्यक्तियों के पास से 14 किलोग्राम हिरण का मांस जब्त किया।

<><><><><><><>

आकाशवाणी श्री विजयपुरम का क्षेत्रीय समाचार एकांश आज अपनी 51वीं वर्षगांठ मना रहा है। इसकी शुरूआत आज ही के दिन उन्नीस सौ पचहत्तर में हुई थी, जिसकी पहली खबर स्वर्गीय मुरली प्रसाद सिन्हा ने पढ़ी थी। तब से लेकर अब तक समाचार एकांश ने क्षेत्रीय खबरों को समय पर और निष्पक्ष रूप से जनता तक पहुंचाने का अपना संकल्प बनाए रखा है। इन 51 वर्षों में बहुत से समाचार वाचकों ने अपनी सेवाएं देकर लोगों के बीच अपनी जगह बनाई।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद के टाउन वेंडिंग कमेटी की ओर से स्ट्रीट वेंडर्स –आजीविका का संरक्षण और स्ट्रीट वेंडिंग का विनियमन अधिनियम, 2014 के प्रावधानों के अनुसार नगरपालिका परिषद के अधिकार क्षेत्र में आने वाले स्ट्रीट वेंडर्स का सर्वेक्षण किया जाएगा। यह सर्वेक्षण स्ट्रीट वेंडर्स की वास्तविकता और प्रामाणिकता स्थापित करने के उद्देश्य से, सर्वेक्षण टीमों द्वारा 6 जुलाई से क्षेत्रवार शुरू किया जाएगा।

यह सर्वेक्षण कार्य पहली अगस्त तक चलेगा। परिषद ने स्ट्रीट वेंडर्स को परामर्श देते हुए कहा कि सर्वेक्षण के समय वेंडर के साथ उनके ठेले का होना अनिवार्य है। उन्हें अपने पास आवश्यक दस्तावेज रखने होंगे। जो वेंडर अपने संबंधित वार्ड में उपस्थित नहीं होंगे, उन्हें वेंडिंग प्रमाणपत्र जारी करने के लिए पात्र नहीं माना जाएगा। चयनित वेंडर्स को पात्रता निर्धारित करने के लिए लागू योजना के प्रावधानों के अनुसार अपनी वित्तीय स्थिति के संबंध में शपथ पत्र जमा करना होगा।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार रोइंग एसोसिएशन की ओर से "27वीं सब जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप" के लिए द्वीपसमूह की रोइंग टीम के चयन के लिए चयन ट्रायल का आयोजन किया जाएगा। यह राष्ट्रीय चैंपियनशिप रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 5 से 9 अगस्त तक रवींद्र सरोवर झील, कोलकाता, में आयोजित होगा। चयन 4 जुलाई को सुबह 6 बजे सीपीघाट स्थित जलक्रीड़ा परिसर में किया जाएगा। इच्छुक खिलाड़ी 3 जुलाई, शाम 5 बजे तक अपना पंजीकरण एसोसिएशन के महासचिव ईसुदासन के पास कर सकते हैं।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस के हेड कांस्टेबल पुष्टिकरण पाठ्यक्रम का फायरिंग अभ्यास प्रातरापुर पुलिस फायरिंग रेंज, में आज से शुरू किया गया है। कल तक चलने वाला फायरिंग अभ्यास सुबह साढ़े पांच बजे से शाम 4 बजे किया जाएगा। बर्ड लाइन और प्रातरापुर क्षेत्र के निवासियों से अभ्यास के दौरान खुद को और अपने मवेशियों को फायरिंग रेंज से दूर रखने को कहा गया है।

<><><><><><>

समाज कल्याण विभाग के तहत स्टेट हब फॉर एम्पॉवरमेंट ऑफ वीमेन द्वारा महिलाओं की उद्यमिता, आर्थिक सशक्तिकरण और स्थायी आजीविका के विकास पर केंद्रित सप्ताहव्यापी जागरूकता और कौशल विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रतिभागी महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य, तेल की खपत में 10 प्रतिशत की कमी लाने, सरकारी योजनाओं, सब्सिडी, वर्जिन नारियल तेल बनाने और ऑर्गेनिक न्यूट्री–गार्डन की जानकारी दी गई। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रमुख डॉ. वाई. रामकृष्ण, डॉ. जकारिया जॉर्ज और राज्य मिशन समन्वयक डॉ. नीतू सिंधु ने प्रतिभागियों को प्राकृतिक खेती के तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

<><><><><><>

सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियंस की ओर से अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में श्रमिकों की विभिन्न लंबित मांगों को लेकर कल क्षेत्र–व्यापी विशाल जन प्रदर्शन आयोजित किया गया। इस प्रदर्शन में पूरे द्वीपसमूह से लगभग 2,500 श्रमिकों ने भाग लिया। प्रदर्शन के दौरान विभिन्न 7 मांगों को रेखांकित किया गया, जिसमें दैनिक वेतन भोगी मजदूरों के नियमितीकरण और महंगाई भत्ता देना, तथा आकस्मिक, अनुबंध, अंशकालिक और योजना श्रमिकों की सेवाओं को नियमित करना जैसे मुद्दे शामिल थे।

<><><><><><><>